OXBM8EW

# संकलित परीक्षा – II (2016-17)

## हिन्दी 'ब'

## कक्षा – X

**निर्धारित समय : 3 घण्टे** **अधिकतम अंक : 90**

**निर्देश :**

(1) इस प्रश्न-पत्र के **चार खंड** हैं – **क, ख, ग** और **घ।**

(2) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है।

(3) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमश: दीजिए।

**खण्ड-क ( अपठित बोध )**

1 **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (2x6=12)** 12

कला-कौशल तथा दस्तकारी भी देश की उन्नति के प्रमुख स्तंभ हैं। अत: प्रत्येक युवक का कर्तव्य है कि वह स्वयं कलाकार या दस्तकार बने और दूसरों को भी इस ओर प्रेरित करे। दैनिक व्यवहार में स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग करना चाहिए। इससे अपने देश के कारीगरों तथा दस्तकारां को लाभ होगा और उनकी दशा में सुधार होगा। देश का धन देश में रहेगा, देश की निर्धनता दूर होगी। नवयुवकों को चाहिए कि अन्य लोगों को भी देशी वस्तुओं के प्रयोग का महत्व समझाएँ और हर क्षेत्र में स्वदेशी का प्रचलन बढ़ाए।

स्वदेशी क अधिक प्रचलन के लिए उत्पादन-वृद्धि भी आवश्यक है। अधिक उत्पादन होने से उन वस्तुओं का अधिक प्रयोग होगा। अधिक उत्पादन से ही देश में संपन्नता आएगी। अत: खेत, फैक्टरी, कारखाने व मिल हर क्षेत्र में उत्पादन वृद्धि के लिए युवकों को निष्ठापूर्वक प्रयत्न करना चाहिए तभी औद्योगिक शांति स्थापित होगी। माल की बहुतायत से महंगाई कम होगी और अन्न, वस्त्र एवं अन्य जीवनोपयोगी वस्तुओं के बाहुल्य से देश समृद्ध होगा और अधिकांश क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बनेगा।

(1) दैनिक व्यवहार में स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग करने से क्या लाभ है?

(2) लेखक ने नवयुवकों के लिए क्या संदेश दिया हैं?

(3) देश की उन्नति के प्रमूख स्तम्भ क्या हैं?

(4) औद्योगिक शांति कैसे स्थापित होगी?

(5) अधिक उत्पादन से क्या-क्या लाभ है?

(6) माल की बहुतायत से क्या लाभ होगा?

2 **निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2x4=8** 8

उस पार कहीं बिजली चमकी होगी
जो झलक उठा है मेरा भी आँगन।

उन मेघों में जीवन उमड़ा होगा
उन झोंकों में यौवन घुमड़ा होगा
उन बूँदों में तूफ़ान उठा होगा
कुछ बनने का सामान जुटा होगा

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | उस पार कहीं बिजली चमकी होगी<br>जो झलक उठा है मेरा भी आँगन।<br><br>तप रही धरा वह प्यासी भी होगी<br>फिर चारों ओर उदासी भी होगी<br>प्यासे जग में माँगा होगा पानी<br>करता होगा सावन आनाकानी<br>उस ओर कहीं छाये होंगे बादल<br>जो भर-भर आये मेरे भी लोचन ।<br>मैं नई-नई कलियों में खिलता हूँ<br>सिहरन बनकर पत्तों में हिलता हूँ<br>परिमल बनकर झोंकों में मिलता हूँ<br>झोंका बनकर झोंकों में मिलता हूँ<br>उस झुरमुट में बोली होगी कोयल<br>जो झूम उठा है मेरा भी मधुबन।<br><br>मैं उठी लहर की भरी जवानी हूँ<br>मैं मिट जाने की नई कहानी हूँ<br>(1) आँगन के चमकने का क्या कारण है?<br>(2) मेघों का जीवन कैसा है, उससे संसार को क्या लाभ है?<br>(3) कवि की आँखों के छलकने का क्या कारण है?<br>(4) कवि का मन क्यों झूम उठा? | |
| | | **खण्ड-ख ( व्यावहारिक व्याकरण )** | |
| 3 | | निर्देशानुसार उत्तर दीजिए -1x3=3<br>(क) मिश्र वाक्य में बदलिए-<br>काम करने के बाद वह सो गया।<br>(ख) संयुक्त वाक्य में बदलिए -<br>घर से कुछ कपड़े लाकर सफाई करो।<br>(ग) रचना के आधार पर वाक्य - भेद बताइए -<br>तुम महान हो क्योंकि तुम सब पर दया करते हो। | 3 |
| 4 | | निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए- (1x4=4)<br>(i) इस साड़ी का दाम मिल गया है।<br>(ii) आपका अप्राप्य दर्शन दुर्लभ हैं।<br>(iii) किताब मेज़ पर रखा है।<br>(iv) उसका प्राण संकट में है। | 4 |
| 5 | | (क) 'फल-फूल' का समास विग्रह कीजिए। (1x4=4)<br>(ख) ''घोड़ागाड़ी'' में समास बताइए।<br>(ग) 'महान है जो आत्मा' का सामासिक पद बनाइए।<br>(घ) कर्मधारय समास का एक उदाहरण लिखिए। | 4 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | 6 | (1) शब्द किसे कहते हैं? (1x2=2)<br>(2) पद का उदाहरण लिखिए। | 2 |
| | 7 | (क) 'कान का कच्चा होना' मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए। (1x2=2)<br>(ख) ''दुम हिलाते फिरना'' मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए। | 2 |
| | | **खण्ड-ग ( पाठ्य-पुस्तक )** | |
| | | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** (2+2+1) | |
| | 8a | 'गिन्नी का सोना' प्रसंग में आदर्शवादी और व्यवहारवादी का क्या तात्पर्य है? इन दोनों को गाँधीजी के संदर्भ में स्पष्ट कीजिए। | 2 |
| | 8b | रॉबिन हुड कौन था और क्यों प्रसिद्ध था? 'कारतूस' पाठ के आधार पर बताइए। | 2 |
| | 8c | जनरल साहब को बावर्ची ने कुत्ते के बारे में क्या बताया? | 1 |
| | 9 | ''जो जितना बड़ा होता है, उसे उतना ही कम गुस्सा आता है।'' यह किसके संदर्भ में और क्यों कहा गया है ? 'अब कहाँ दूसरों के दुख में दुखी होने वाले' पाठ के आधार पर लिखिए। | 5 |
| | 10 | **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए —(2+2+1)**<br>''शायद यह जनरल साहब का ही कुत्ता है।'' गंभीरता से सोचते हुए सिपाही ने कहा — ''इसे देख लेने भर से तो नहीं कहा जा सकता कि यह उनका नहीं है। कल ही मैंने बिलकुल इसी की तरह का एक कुत्ता उनके आँगन में देखा था।''<br>''हाँ! यह जनरल साहब का ही तो है,'' भीड़ में से एक आवाज़ उभर आई।<br>''हूँ! येल्दीरीन, मेरा कोट पहन लेने में ज़रा मदद करो। मुझे इस हवा से ठंड लगने लगी है। इस कुत्ते को जनरल साहब के पास ले जाओ और पता लगाओ कि क्या यह उन्हीं का तो नहीं है? उनसे कहना कि यह मुझे मिला और मैंने इसे वापस उनके पास भेजा है। और उनसे यह भी विनती करना कि वे इसे गली में चले आने से रोकें।<br>(1) 'कुत्ता जनरल झिगालॉव का ही है?' सिपाही ने किस आधार पर कहा?<br>(2) जनरल साहब का कुत्ता सुनकर ओचुमेलांव के व्यवहार में क्या परिवर्तन आया?<br>(3) भीड़ में से क्या आवाज़ आई? | 5 |
| | | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** (2+2+1) | |
| | 11a | सैनिक शहीद होते हुए भी दुख नहीं मनाता है, तो क्यों? कारण स्पष्ट कीजिए। | 2 |
| | 11b | प्रकृति के अन्य प्राणियों की तुलना में मनुष्य में क्या विशेष बात होती है? ''मनुष्यता'' कविता के संदर्भ में उत्तर दें। | 2 |
| | 11c | महादेवी जी ने बादलों की क्या विशेषताएँ बताई गई हैं? | 1 |
| | 12 | छाया भी कब छाया ढूँढ़ने लगती है? बिहारी कवि के अनुसार उस स्थिति को स्पष्ट कीजिए। | 5 |
| | 13 | लेखक द्वारा अपने बचपन तथा विद्यालय की किन घटनाओं को विशेष रूप से याद किया है? 'सपनों के-से दिन' पाठ के आधार पर बताइए क्या स्कूल छोड़ने के बाद बच्चों को स्कूली दिनों में पढ़ी हुई हर बात याद रह जाती हैं? बचपन के अनुभवों के आधार पर दो प्रेरक प्रसंगों का संक्षिप्त उल्लेख कीजिए तथा बताइए वे प्रसंग आपको क्यों अच्छे लगते हैं? | 5 |
| | | **खण्ड-घ ( लेखन )** | |
| | | **दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।** | |
| | 14 | **फेसबुक और युवा वग**<br>• मित्रता का माध्यम<br>• उपयोग | 5 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | • लाभ–हानि | |
| | | **अथवा** | |
| | | **देश की प्रगति में इंटरनेट का योगदान :**<br>• तात्पर्य<br>• संचार जगत में क्रांति<br>• शिक्षा में सहायक एवं दुष्प्रभाव | 5 |
| | | **अथवा** | |
| | | **हमारी बोली, हमारा आईना**<br>• व्यक्तित्व का आईना<br>• मीठी बोली की आवश्यकता<br>• मीठी बोली बोलने से लाभ | 5 |
| | 15 | आपने प्रथम सत्रीय परीक्षा में केवल एक विषय का पेपर दिया। उसके बाद आप डेंगू के कारण परीक्षा न दे सके। अवकाश हेतु प्रधानाचार्य जी को आवेदन – पत्र लिखिए। | 5 |
| | 16 | आपको खेल के मैदान में 200 रुपये पड़े मिले। जिस किसी छात्र के ये रुपए हों, आप से प्राप्त कर लें। अपना नाम, कक्षा, वर्ग लिखते हुए सूचना पट के लिए लगभग 20-30 शब्दों में एक सूचना लिखिए। | 5 |
| | 17 | पूरे देश में भ्रष्टाचार बढ़ रहा है, इस समस्या पर दो नागरिकों का संवाद लगभग 50 शब्दों में लिखिए। | 5 |
| | 18 | माइन्ड पावर एजूकेशन कॉलेज, चेन्नई की बी.एड., एम.एड. तथा बी.पी.एड. कक्षाओं से संबंधित एक विज्ञापन तैयार कीजिए। (अधिकाधिक 20-25 शब्दों में) | 5 |
| | | | |
| | | -o0o0o0o- | |